आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



बर्ष :13 अंक :327 पृष्ठ -4 दिनांक 30 नबम्बर 2024 दिन शनिवार

# संभल हिंसा को लेकर योगी सरकार का बड़ा फैसला

**उत्तरप्रदेश में कल का मौसम**



30 नवंबर तक प्रदेश में सुबह और देर रात के समय घना कोहरा छाने की चेतावनी जारी की गई है। साथ ही तापमान में भी गिरावट देखने को मिल सकती है।

संभल न्यूज उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने संभल में पिछले दिनों हुई हिंसा की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं. राज्य के गृह विभाग के आदेश के अनुसार, हाई कोर्ट के रिटायर्ड जज देवेंद्र कुमार अरोड़ा की अध्यक्षता में तीन सदस्यी समिति को मामले की जांच का जिम्मा सौंपा गया है. समिति के दो अन्य सदस्य सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अमित मोहन प्रसाद और पूर्व आईपीएस अधिकारी अरविंद कुमार जैन हैं. समिति को दो महीने के भीतर रिपोर्ट देने को कहा गया है.समिति के गठन का आदेश उत्तर प्रदेश के गृह विभाग द्वारा गुरुवार को जारी किया गया. इसमें कहा गया है, ष्माननीय न्यायालय द्वारा जामा मस्जिद बनाम हरिहर मंदिर विवाद में आदेशित सर्वे के दौरान दिनांक 24 नवंबर 2024 को हुई हिंसक घटना, कोई पूर्व नियोजित षड्यंत्र थी अथवा एक सामान्य





आपराधिक वारदात, जिसके कारण तमाम पुलिस कर्मी चोटिल हुए, चार व्यक्तियों की मौत हुई एवं संपत्ति का भी नुकसान हुआ, की जनहित में जांच आवश्यक है. ष्जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन अलर्टवहीं संभल हिंसा के बाद वहां पर प्रशासन अलर्ट है और इस हादसे के बाद पहले जुमे की नमाज को ध्यान में रखते हुए, मस्जिद के आसपास के इलाकों में गुरुवार को सीसीटीवी कैमरे इंस्टॉल किए गए. सीसीटीवी इंस्टॉल करने वाले धर्मवीर ने आईएएनएस से बात करते हुए बताया कि प्रशासन की तरफ से सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं. कुल 20 कैमरे जामा मस्जिद के चारों तरफ लगाए जा रहे हैं. पास के चौराहे और तिराहे सभी जगहों पर इसको इंस्टॉल किया जा रहा है. सर्वे टीम पर हुआ था पथराव बता दें कि 24 नवंबर की सुबह संभल की शाही जामा मस्जिद का सर्वे किया गया था. पुलिस का कहना है कि इस दौरान मस्जिद के पास अराजक तत्वों ने सर्वे टीम पर पथराव कर दिया. देखते ही देखते माहौल बिगड़ता चला गया. पुलिस ने हालात को काबू में करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और अराजक तत्वों को चेता. वनी भी दी. हिंसा के दौरान कई लोगों की मौत भी हुई.

## संभल में जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन अलर्ट, 70 मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी, चप्पे-चप्पे पर है पुलिस

यूपी के संभल में हिंसा के बाद आज जुमे की नमाज होनी है, जिसे लेकर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से सतर्क हो गया है, ताकि और कहीं भी कोई संदिग्ध या अवैध गतिविधियां न हो सके. इसके साथ ही पुलिस की नजर सोशल मीडिया पर भी है जिससे कोई भी भ्रामक या भड़काऊ भाषण जैसी पोस्ट नहीं डाली जा सके. जुमे की नमाज को लेकर 70 मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई गई है. ये सभी अधिकारी पुलिस द्वारा चिन्हित जगहों पर तैनात रहेंगे.  संभल हिंसा के बाद इलाके में शांति व्यवस्था बनी हुई है लेकिन तनाव को देखते हुए पुलिस बल को तैनात किया गया है. जिला मजिस्ट्रेट ने पहले ही जनपद में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 की निषेधाज्ञा को लागू किया है और अब जुमे की नमाज को लेकर जिला मजिस्ट्रेट ने पुलिस अधिकारियों के साथ तकरीबन 70 मजिस्ट्रेट की तैनाती की है.  पुलिस के साथ 70 मजिस्ट्रेट तैनात  इनमें सभी डिप्टी कले. क्टर, एसडीएम के अलावा ग्राम्य विकास विभाग से मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, डीपीआरओ और सभी खंड विकास अधिकारियों को लगाया गया है. प्रत्येक विभाग के सभी सहायक अभियंता और अधिशासी अभियंता को मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया है. जिन्हें संभल में अलग-अलग प्वाइंट पर नमाज के दौरान तैनात किया जाएगा और वह निर्धारित रूट पर पुलिस के साथ मार्च भी करते रहेंगे.पुलिस के द्वारा चिह्नित स्थानों पर पुलिस अधिकारियों के साथ इन मजिस्ट्रेट की भी तैनाती रहेगी. इससे पहले गुरुवार शाम को पुलिस ने पूरे इलाके में फ्लैग मार्च किया. इस दौरान पुलिस ने ऐलान किया किया शुक्रवार को शाही जामा मस्जिद में पहले की तरह जुमे की नमाज अदा की जाएगी. लेकिन इसमें बाहरी लोग जुमे की नाम में न आएं. आसपास के लोग जो यहां नमाज पढ़ते रहे हैं सिर्फ वहीं हो इसमें शामिल हों. कमिश्नर आञ्जनेय कुमार सिंह ने कहा कि शाही जामा मस्जिद में जुमे की नमाज पढ़ने आने वालों की स्क्रीनिंग की जाएगी. लोगों से अपील है कि वो किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और शांतिपूर्ण तरीके से नमाज पढ़ कर अपने घरों को जाएं. अगर कोई इबादत के अलावा कुछ गड़बड़ करने की कोशिश करेगा तो उसके साथ सख्ती से निपटा जाएगा.

## बरातियों से भरी तेज रफ्तार स्कॉर्पियो सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराई

उत्तरप्रदेश अमेठी में बरातियों से भरी तेज रफ्तार स्कॉर्पियो सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हुए हैं।अमेठी के गौरीगंज में देर रात भीषण सड़क हादसा में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में स्कॉर्पियो सवार सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को सुल्तानपुर जिला अस्ताल रेफर कर दिया गया। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हुए हैं। हादसे का शिकार लोग सुल्तानपुर जनपद के निवासी हैं। वहीं से बरात में शामिल होने अमेठी के गौरीगंज स्थित एक गांव को आए थे। गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के टाण्डा बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित स्टेट बैंक के सामने का है जहां देर रात तेज रफ्तार स्कोर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि स्कोर्पियो के परखच्चे उड़ गए और मौके पर चीख पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां से स्थिति गंभीर देख सुल्तानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।बरात सुल्तानपुर जिले के करौंदीकला थाना क्षेत्र के दरगापारा बब.ुआन गांव से गौरीगंज के विशुनदास पुर गांव आई थी जिसमें शामिल होने के लिए स्कॉर्पियो यूपी 32 एनवी 6508 जा रही थी और सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में स्कॉर्पियो सवार सभी सात लोग घायल हो गए। घायलो में बंटू सिंह पुत्र रिंकू सिंह, रूपक पुत्र बडालाल, ऋषभ सिंह पुत्र शैलेन्द्र, देव पुत्र दीपक, पप्पू सिंह पुत्र तीरनाथ, प्रदीप सिंह पुत्र तेज सिंह (26), लक्ष्य प्रताप सिंह पुत्र दीपक सिंह (14) गंभीर रूप से घायल हो गए।

## यूपी उपचुनाव में जीत दर्ज करने वाले बीजेपी और RLD के विधायकों ने ली शपथ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व और प्रभावी रणनीति के चलते उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगी दल राष्ट्रीय लोकदल ने उपचुनाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 में से 7 सीटों पर जीत हासिल की. इसके बाद शुक्रवार को विधानसभा में नवनिर्वाचित विधायकों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया. विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सभी विजयी उम्मीदवारों को शपथ दिलाई. शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विजयी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं देते हुए इसे प्रदेश के विकास और जनता की आस्था की जीत बताया.जिन नवनिर्वाचित विधायकों ने शपथ ली उनमें कुंदरकी से रामवीर सिंह, फूलपुर से दीपक पटेल, खैर से सुरेंद्र सिंह, गाजियाबाद से संजीव शर्मा, कटे. हरी से धर्मराज निषाद, मझवां से सुि. चस्मिता मौर्य और मीरापुर से रालोद की मिथलेश पाल शामिल हैं. इन सभी उम्मीदवारों ने जनता के विश्वास और समर्थन का धन्यवाद करते हुए अपने क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देने की बात कही. सभी ने एक स्वर में श्राष्ट्र प्रथमश के संकल्प को दोहराया और साथ ही च्ड मोदी- ब्ड योगी के नेतृत्व के प्रति अपनी निष्ठा जताई. इस शपथ ग्रहण समारोह के बाद विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने नवनिर्वाचित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा का सदस्य होना गौरव की बात है. जनता की सेवा का अवसर आपको मिला है. मुख्यमंत्री के कार्यों को लेकर अगर जनता के बीच में जाएं तो हर बार जीत आपको मिलेगी. आपके पास ढाई साल का समय है, उसे जनता के बीच ज्यादा से ज्यादा व्यतीत करें. इसके साथ ही आपकी उपस्थिति विधानसभा में भी दिखनी चाहिए. यहां आपकी परफॉर्मेंस ही जनता के बीच आपकी सक्रियता के संदेश के रूप में जाएगी. इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री द्वय केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना सहित मंत्रीगण और विधायकगण मौजूद रहे. सीएम योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता को मिला बढ़ावा बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में कानून-व्यवस्था, बुनियादी ढांचे के विकास और पारदर्शी प्रशासन पर जोर दिया गया है. उनकी सरकार की जनहितकारी योजनाओं जैसे उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व सड़क परियोजनाओं ने लोगों का विश्वास मजबूत किया है. इसके अलावा, प्रदेश में अपराध नियंत्रण और धार्मिक स्थलों के पुनरोद्धार जैसे कदमों ने योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता को और बढ़ावा दिया है. परिणामस्वरूप यूपी विधानसभा उप चुनाव में भाजपा और सहयोगी दल रालोद के शानदार प्रदर्शन ने पार्टी के उत्साह में गजब का इजाफा किया है. उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के दावे ध्वस्तवहीं उपचुनाव में समा. जवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन के तमाम दावे ध्वस्त हो गए. गठबंधन की तमाम कोशिशों और बड़े बड़े वादों के बावजूद, विपक्षी दल अपनी साख बचाने में नाकाम रहे. बीजेपी और सहयोगी दलों की इस जीत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जनता का भरोसा योगी सरकार पर कायम है.  इस ऐतिहासिक जीत के साथ बीजेपी ने प्रदेश में अपनी मजबूत स्थिति का प्रमाण दिया है.

## 75 करोड़ रूपये की ठगी करने वाले पांच शातिर गिरफ्तार

उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में 75 करोड़ की ठगी करने वाले पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. बाराबंकी के एसपी दिनेश कुमार सिंह के निर्देशों के चलते एक्शन में आई स्वाट व सर्विलांस व थाना बदोसराय की संयुक्त पुलिस टीम को मिली बड़ी कामयाबी, फर्जी कंपनी एलयूसीसी के माध्यम से 75 करोड़ रुपये ठगी करने वाले पांच लोग गिरफ्तार किए गए हैं. वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पुलिस ऐसी फर्जीवाड़े करने वाले गिरोह की तलाश में जुटी हुई है.गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से पुलिस ने 33 पास. बुक, 05 बांड पेपर, कम्प्यूटर सिस्टम व एक एमजी हैक्टर ईवी व एक फॉर्च्यूनर वाहन बरामद किया. आपको बता दें कि कुछ दिन पूर्व किरन वर्मा निवासी बदोसराय ने थाने में दर्ज कराया था. द लोनी अर्बन मल्टीस्टेट क्रेडिट कोऑपरे. टिव सोसाइटी लिमिटेड (स्न्ब्) के नाम से फर्जीवाड़ा करते थे. इस गिरोह ने प्रदेश में कई लोगों के साथ धोखाधड़ी की थी. आरोपियों से पूछताछ के बाद ये फर्जीवाड़े के कई खुलासे सामने आए. अन्य राज्यों में भी फर्जीवाड़े के मुकदमे दर्ज कृषि मंत्रालय से समिति के रूप में कंपनी दर्ज थी. वहीं किसानों के लिए काम कर करोड़ों का फर्जीवाड़ा कर दिया.आर.डी,फिक्स्ड डिपॉजिट व अन्य स्कीमों का लोगों को लालच देते थे. साढ़े पांच साल मे रुपया दोगुना करने का लालच देकर फर्जी बांड बनाते थे. मैच्योरिटी का पैसा देने का वादा कर धोखाधड़ी करते थे. मैच्योरिटी पूरी होने पर पीड़ितों को रुपया नहीं मिला तो शक हुआ. फिर पीड़ितों ने अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवा दिया. वहीं जिले में एक के बाद एक कई थानों में दर्ज हुए फर्जी एलयूसीसी कंपनी के मालिक व एजेंटो पर मुकदमा दर्ज होने लगे. एलयूसीसी कंपनी के विरुद्ध उत्तराखंड,मध्य,प्रदेश,राजस्थान सहित अन्य प्रदेशों में भी फर्जीवाड़े के मुकदमे दर्ज हैं.

## घरेलू हिंसा की कार्यवाही के खिलाफ कोर्ट कर सकता है अंतर्निहित शक्तियों का प्रयोग

न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की अदालत ने बुलंदशहर के देवेंद्र अग्रवाल व इसके साथ छह अन्य याचिकाओं की एक साथ सुनवाई करते हुए की है। अलीगढ़ के पंकज गर्ग, बरेली की नेहा गोयल, बरेली की शिल्पी शर्मा, आजमगढ़ के अरविंद गुप्ता, मुजफ्फरनगर के अनिल, बलिया की पूजा राय ने घरेलू हिंसा से जुड़ी कार्यवाही को लेकर याचिका दाखिल की है।इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि घरेलू हिंसा की कार्यवाही के खिलाफ हाईकोर्ट अपनी अंतर्निहित शक्तियों का प्रयोग कर सकता है। घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत किसी कार्यवाही को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 482 के तहत चुनौती दी जा सकती है।यह टिप्पणी न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की अदालत ने बुलंदशहर के देवेंद्र अग्रवाल व इसके साथ छह अन्य याचिकाओं की एक साथ सुनवाई करते हुए की है। अलीगढ़ के पंकज गर्ग, बरेली की नेहा गोयल, बरेली की शिल्पी शर्मा, आजमगढ़ के अरविंद गुप्ता, मुजफ्फरनगर के अनिल, बलिया की पूजा राय ने घरेलू हिंसा से जुड़ी कार्यवाही को लेकर याचिका दाखिल की है।इन सभी याचिकाओं में सुमन मिश्रा के मामले में निर्धारित विधि व्यवस्था के मुताबिक, याचिका की पोषणीयता को लेकर उठे प्रश्नों पर विचार किया गया। कोर्ट ने सभी याचिकाओं को पोषणीय माना। कहा कि आपराधिक प्रक्रिया की शुद्धता और पीड़ितों के संरक्षण के बीच संतुलन बनाना जरूरी है। याची की अधिवक्ता प्रीति सिंह ने दलील दी कि सुमन मिश्रा का निर्णय सुप्रीम कोर्ट के कामाची के मामले पर आधारित था, जो घरेलू हिंसा की कार्यवाही को धारा 482 के तहत चुनौती देने पर नहीं, बल्कि समय-सीमा की प्रासंगिकता से जुड़ा था।सतीश चंद्र आहूजा के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि घरेलू हिंसा अधिनियम की कार्यवाही दंड प्रकिया संहिता के तहत भरण-पोषण जैसा ही मामला है। लिहाजा, घरेलू हिंसा के खिलाफ हाईकोर्ट धारा 482 के तहत अपनी अंतर्निहित शक्ति का प्रयोग कर सकता है। कोर्ट सभी मामलों को धारा 482 के अंतर्गत पोषणीय मानते हुए निस्तारित करने की संस्तुति की दी। कहा कि न्यायिक प्रक्रिया के दुरुपयोग को रोकने और न्याय की सुरक्षा के लिए धारा 482 के तहत याचिकाएं स्वीकार्य है।क्या था सुमन मिश्रा का मामला बाराबंकी की सुमन मिश्रा ने घरेलू हिंसा संबंधी मामले में बाराबंकी के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश (वर्ष 2012) और बाराबंकी के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीशधविशेष न्यायाधीश (ईसी अधिनियम) आदेश (2013) को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। सुमन की याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी गई है कि मद्रास हाईकोर्ट की पूर्ण पीठ ने अरुल डेनियल और सुप्रीम कोर्ट के कामाची मामले के मुताबिक, घरेलू हिंसा अधिनियम की धारा 12 के तहत कार्यवाही को रद्द करने के लिए दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 482 के तहत कार्यवाही स्वीकार्य नहीं है।

## डीजे पर गाना बजाने को होकर हुआ बवाल, बिना दुल्हन के बैरंग लौटी बरात, आज वापस आकर करेंगे शादी

अमेठी के एक विवाह कार्यक्रम में घराती और बराती के बीच हुए विवाद के बाद बरात बैरंग वापस लौट गई। हालांकि, वर पक्ष ने बरात वापस लाने की बात कही है।अमेठी के गौरीगंज में देर रात आई एक बारात में डीजे पर गाना बजाने को लेकर घराती और बराती आमने-सामने आ गए जिसके बाद दोनों पक्षों में विवाद हो गया। काफी देर चले विवाद के बाद बराती बिना दुल्हन के ही वापस लौट गए। कन्या पक्ष की माने तो बरातियों में किसी बात को लेकर आपस में ही झगड़ा हुआ हुआ था जिसके बाद सभी बिना शादी के ही वापस चले गए। गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के संभावा गांव के इन्दई का पुरवा का है जहां के रहने वाले नंदलाल कोरी की बेटी की शादी सूरज कोरी पुत्र राम अंजोर कोरी थाना उदयपुर जिला प्रतापगढ़ के साथ तय थी। देर रात वर पक्ष बरात लेकर पहुंचा जहां डीजे पर गाना बजाने को लेकर विवाद हो गया।

# दिल्ली के IGI एयरपोर्ट पर कस्टम ने 14 करोड़ का गांजा किया जब्त, 5 गिरफ्तार

दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कस्टम की एयर इंटेलिजेंस यूनिट ने अवैध मादक पदार्थों की दो बड़ी तस्करी को नाकाम करने में सफलता हासिल की. कस्टम की एयर इंटेलिजेंस यूनिट ने विदेश से आने वाले कुल 5 तस्करों को पकड़ा है. जिनके पास से लगभग कुल 13.89 किलोग्राम मारिजुआना (गांजा) बरामद किया. इसका इंटरनेशनल मार्केट में कीमत करीब 14 करोड़ रुपये है.दिल्ली कस्टम से मिली जानकारी के मुताबिक 18 नवंबर को फुकेट से दिल्ली पहुंचे दो भारतीय यात्रियों को रूट प्रोफाइलिंग के आधार पर जांच के लिए ग्रीन चौनल की तरफ भेजा गया. जहां उनके सामानों की विस्तृत जांच में उनके तीन ट्रॉली बैग से 20 पॉलिथीन पैकेट में 9.946 किलोग्राम हरे रंग का संदिग्ध मादक पदार्थ बरामद किया. ट्रॉली बैग में बड़ी ही चतुराई से गांजे को छिपाकर रखा गया था. मौके





पर डिटेक्शन किट से जांच में मादक पदार्थ के गांजा (मारिजुआना) होने की पुष्टि हुई. छक्कै एक्ट के तहत केस दर्ज इसके बाद कस्टम अफसरों ने कार्रवाई करते हुए बरामद गांजे को जब्त कर लिया और दोनों हवाई यात्रियों को गिरफ्तार कर लिया. जब्त किए गए गांजे की कीमत 9.94 करोड़ रुपये बताई जा रही है.एक अन्य मामले में 20 नवंबर 2024 को बैंकॉक से नई दिल्ली पहुंचे तीन भारतीय यात्रियों को शक के आधार पर जांच के लिए ग्रीन चौनल की तरफ भेजा गया. जहां उनके सामानों की तलाशी में उनके पास से भी हरे रंग का सन्दिग्ध मादक पदार्थ बरामद किया गया. जिसकी जांच में गांजा होने की पुष्टि हुई थी. बरामद गांजे का वजन 4. 449 किलोग्राम बताया जा रहा है, जिसकी कीमत लगभग 4.45 करोड़ रुपये आंकी गई है. इस मामले में कस्टम की टीम ने गंजे को जब्त कर तीनों हवाई यात्रियों को गिरफ्तार कर लिया है.दोनों मामलों में गिरफ्तार यात्रियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट, 1985 के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच की जा रही है.

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राज कुंद्रा के करीबियों पर कार्रवाई, एक हिरासत में लिया



बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति और कारोबारी राज कुंद्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उत्तर प्रदेश में अलग–अलग जगह छापा मारा। टीम यहां कुंद्रा के खिलाफ मोबाइल एप के जरिए अश्लील सामग्रियों को तैयार करने और प्रसारित करने से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले जांच करने पहुंची। शुक्रवार की सुबह टीम कानपुर के अलावा, गोरखपुर और कुशीनगर भी पहुंची।उधर, प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने गोरखपुर और कुशीनगर में भी छापा मारा है। यहां भी आशंका जताई जा रही है कि मुंबई के पोर्नोग्राफी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच में ये छापा मारा गया है। यहां पडरौना के वार्ड नंबर छह में सॉफ्टवेयर कंपनी से जुड़े श्रीवास्तव परिवार के यहां टीम ने छापा मारा है। प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने एक युवक को हिरासत में ले लिया है और पूछताछ कर रही है। इसके बाद गोरखपुर सेंटर में टीम जांच का रही है। गोरखपुर से ही टीम ने एक गिरफ्तारी भी की है। बताया जा रहा है कि ये छापा भी राज कुंद्रा के साथ जुड़े नेटवर्क की जांच को लेकर मारा गया है।कानपुर में शुक्रवार की सुबह ईडी ने श्याम नगर में छापेमारी की। यहां रहने वाले नर्वदा श्रीवास्तव का बड़ा बेटा अर. विंद श्रीवास्तव, जो कानपुर आईआईटी से इंजीनियरिंग करने के बाद से बाहर जॉब कर रहा था। अरविंद्र श्रीवास्तव पत्नी हर्षिता श्रीवास्तव के साथ सिंगापुर में रहता है। अरविंद्र श्रीवास्तव सिंगापुर में रहकर राज कुंद्रा प्रोडक्शन का काम संभालता था। बताया जा रहा है कि टीम यहां मुंबई पुलिस के द्वारा 2021 में दर्ज हुए केस की जांच करने पहुंची थी।

## कड़ाके की ठंड में बेघरों के लिए बने रैन बसेरे,सर्दी से बचाने के लिए किए इंतजाम

मथुरा में बेसहारा लोगों और मुसाफिरों को ठंड से बचाने के लिए नगर निगम ने स्थायी रैन बसेरा तैयार करने के साथ शहर के छह स्थानों पर अस्थायी रैन बसेरा बनाए हैं। इनमें सर्दी से बचाव के सभी प्रबंध किए गए हैं।नगर आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम के निर्माण विभाग ने नगर के अलग–अलग स्थानों पर छह अस्थायी रैन बसेरा बनाए हैं। भूतेश्वर तिराहा, नया बस स्टैंड के समीप, गोवर्धन चौराहा, रेलवे स्टेशन के समीप 2 एवं जिला अस्पताल परिसर में एक रैन बसेरा बनाया गया है। इसके अलावा बंगाली घाट, भूतेश्वर रेलवे स्टेशन एवं नगला कोल्हू में स्थायी रैन बसेरों को तैयार किया गया है। इनमें लोगों को ठंड से बचाव के लिए बेड के साथ ही गद्दे और रजाई उपलब्ध कराए जा रही



हैं।इसके अलावा गैस हीटर लगाए जाएंगे। सभी रैन बसेरों में देखरेख के लिए एक–एक कर्मचारी तैनात किए गए हैं। रैन बसेरा में रजिस्टर रखे गए हैं। इसमें कर्मचारी को सुविधा लेने वालों का नाम और आधार कार्ड नंबर रजिस्टर में अंकित करने के निर्देश दिए हैं।नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने बताया कि यात्रियों एवं बेसहारा लोगों को ठंड में रात्रि विश्राम के लिए अस्थायी और स्थायी रैन बसेरा बनाए गए हैं। ज्यादा सर्दी होने एवं शीतलहर के समय ठंड से बचाव के लिए गैस हीटर लगाए जाएंगे। रैन बसेरा में सुविधा लेने वालों की वहां रखे रजिस्टर में तैनात कर्मचारी द्वारा एंट्री की जाएगी।

## बर्फ की चादर में लिपटने वाला है यूके! बाढ़ के बाद अब 661 किमी तक होगी बर्फबारी

यू.के. में 30 नवंबर से 9 दिसंबर तक एक बड़े बर्फीले तूफान की चेतावनी दी गई है. यह तूफान न केवल तापमान में भारी गिरावट लाएगा, बल्कि कई क्षेत्रों में बर्फबारी और बारिश की संभावना भी बढ़ाएगा. यू.के. के जिन अलग–अलग क्षेत्रों में बर्फबारी पड़ने वाली है. इसमें उत्तर इंग्लैंड और स्कॉटलैंड, दक्षिण–पूर्व इंग्लैंड, ब्राइटन और होव, ग्रेटर लंदन,सरे और केंट,हैम्पशायर और साउथेम्प्टन शामिल है. ये पूरे यूके में 411 मील लंबा बर्फीला तूफान होने वाला है. इसका मतलब यूके के लगभग 661 किमी भारी बर्फबारी होगी.यू.के. के जिन क्षेत्रों बर्फबारी होगी वहां पर तापमान शून्य से नीचे गिरने की आशंका है. इसके अलावा सर्द हवाएं चलेंगी. इसका असर न्यूकैसल, कुम्ब्रिया, और नॉर्थंबरलैंड में पड़ने वाला है. वहीं 75–80 मिमी तक बारिश होने की आशंका है. इसके अलावा कोहरा, दिन में ठंड और रात में ठंढ पड़ने की संभावना है.

दिसंबर की शुरुआत में पड़ेगी भारी बर्फबारी चार्ट्स के अनुसार, बर्फबारी 7 दिसंबर से प्रमुख रूप से प्रभावी हो सकती है. शीतलहर और बर्फीले तूफान के कारण यातायात और हर दिन जीवन प्रभावित होने की संभावना है. इस दौरान इंग्लैंड और वेल्स में 4–5 जबकि स्कॉटलैंड में तापमान शून्य से नीचे जा सकता है. संभावित खतरे को देखते हुए यात्रियों और नागरिकों के लिए अलर्ट किया गया है. इसके अलावा हवाई और सड़क यातायात प्रभावित हो सकता है. लोगों को सुरक्षा सुझाव खराब मौसम के दौरान अनावश्यक यात्रा करने से बचें. ठंड से बचाव के लिए उचित गर्म कपड़ों का उपयोग करें. आपात स्थिति में आवश्यक वस्तुएं अपने पास रखें. ये चेतावनी तूफान बर्ट के कारण आई बाढ़ के एक सप्ताह बाद जारी की गई है. उस समय यू.के. के कई क्षेत्रों में भारी बारिश और बाढ़ के कारण सामान्य जीवन अस्त–व्यस्त हो गया था.

## बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा का निधन, एक्सीडेंट के बाद लंब समय से RIMS में चल रहा था इलाज



झारखंड में भगवान बिरसा मुंडा के वंशज परपोते मंगल मुंडा का गुरुवार (28 नवंबर) रात को आकस्मिक निधन हो गया. सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद उनका रिम्स में इलाज चल रहा था, जहां उन्होंने आखिरी सांस ली. इस बात की पुष्टि रिम्स रांची के पीआरओ ने की है. मंगल मुंडा के निधन से झारखंड के राजनी. तिक गलियारों में शोक की लहर है. झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्रनाथ महातो ने मंगल मुंडा के अचानक जाने पर दुख जताया है. उन्होंने लिखा, ष्भग. वान बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा जी के आकस्मिक निधन की अत्यंत दुखद सूचना मिली. ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति और उनके परिजनों को यह असहनीय पीड़ा सहने की शक्ति प्रदान करें.ष्वहीं, बीजेपी नेता दीपक प्रकाश ने लिखा, ष्विगत कई दिनों से रांची के रिम्स में इलाजरत धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के परपोते श्री मंगल मुंडा जी के निधन की सूचना अत्यंत दुःखद है. ईश्वर से प्रार्थना है कि इस पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें.ष्मंगल मुंडा का असामयिक निधन पीड़ादायक हटिया सीट से विधायक नवीन जायसवाल ने दुख जताते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, ष्धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी के वंशज मंगल मुंडा जी के असामयिक निधन की खबर अत्यंत पीड़ादायक है. कल ही मैंने रिम्स में उनसे मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली थी. आज अहले सुबह इस अप्रिय खबर से मन बहुत दुःखी व व्यथित है. ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वो दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें व उनके परि. जनों को इस अपार दुःख से उबरने की शक्ति प्रदान करें.ष्बीजेपी विधायक पूर्णिमा साहू ने भी जताया दुखवहीं, रघुबर दास की बहू और जमशेदपुर पूर्वी से विधायक पूर्णिमा साहू ने भी मंगल मुंडा के निधन पर शोक व्यक्त किया है. उन्होंने लिखा, ष्भगवान बिरसा मुंडा के वंशज, आदरणीय मंगल मुंडा जी के आकस्मिक निधन की दुखद सूचना प्राप्त हुई है.बाबा बैद्यनाथ से प्रार्थना है कि उनकी दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहने की शक्ति दें.

## बांग्लादेश में चिन्मय दास की गिरफ्तारी पर भड़के रामभद्राचार्य

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और हमले की घटनाओं के बीच इस्कॉन से जुड़े चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी को लेकर दोनों देशों के बीच संबंध बेहद खराब हो गए हैं. इस पूरे मामले पर जगद्गुरु श्री रामभद्राचार्य ने बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि बांग्लादेश को ऐसा नहीं करना चाहिए. हम भी उन्हें समझा रहे हैं. नहीं तो फिर अपने ढंग से समझाया जाएगा. रामभद्राचार्य ने बांग्लादेश में चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी पर



नाराजगी जताई और कहा कि हमारी सरकार उन्हें समझा रही है, उन्हें समझाया जा रहा है नहीं तो हम अपने ढंग से समझाएंगे. अभी हमारे राजनेता भी समझा रहे हैं उन्होंने ऐसा नहीं करना चाहिए. इस दौरान उन्होंने एक बार फिर हिन्दू एकता की बात दोहराई और कहा कि हम अयोध्या जा रहे हैं. हम रामलला से यही प्रार्थना करेंगे कि सब हिन्दुओं को एक कीजिए, अगर हिन्दू एकजुट हो जाएगा तो आसुरी शक्तियां अपने आप ही परास्त हो जाएंगी. चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के बाद बढ़ा बवालबांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के तख्तापलट के बाद से ही हालात बेहद ख़राब है. वहां पर लगातार हिन्दू समुदाय के लोगों को टारगेट किया जा रहा है. उन पर हमले की घटनाएं हो रही हैं वहीं हिन्दू मंदिरों और देवी देवताओं को भी निशाने पर लिया जा रहे हैं. इसी क्रम में पिछले दिनों इस्कॉन से जुड़े हिन्दू धर्मगुरू चिन्मय कृष्ण दास को गिरफ्तार कर लिया गया. जिसके बाद से बवाल और बढ़ गया है. हिन्दू धर्मगुरू चिन्मय कृष्ण दास पर बांग्लादेश सरकार ने राजद्रोह के आरोप लगाए गए हैं, जिसके बाद इस गिरफ्तारी के विरोध में बड़ी संख्या में हिन्दू समाज के लोग सड़कों पर उतर आए. इस दौरान उन पर बीएनपी और जमात के लोगों ने हमला कर दिया जिसके बाद दोनों पक्षों में झड़प की घटनाएं देखने को मिली. इस हिंसा में 50 से ज्यादा हिन्दू घायल हो गए हैं. बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार पर भारत सरकार की ओर से भी चिंता जताई गई है. भारत लगातार वहां के हालात पर नजर बनाए हुए हैं.

## यूपी में बिजली विभाग की समस्या अब 24 घंटे के अंदर होगी दूर

कानपुर में बिजली विभाग यानी केस्को अपने कंज्यूमर को तमाम झंझटों और समस्याओं से निजात दिलाने के लिए 1 दिसंबर से एक नई पहल शुरू करने जा रहा है जिसके चलते उपभोक्ताओं को विभागीय दलाली, परेशानी ,काम का समय पर न हो पाना, या घूसखोरी की दिक्कतों और समस्याओं से छुटकारा मिल जाएगा क्योंकि कानपुर बिजली विभाग के एम डी ने श्इज ऑफ लिविंगश फॉर्मूला शुरू कर इन सभी समस्याओं से ग्राहकों राहत देने की तैयारी कर चुके हैं.केस्को का उद्देश्य इन दिनों उन तमाम ग्राहकों की समस्याओं को देखने और सुनने के बाद बदलता हुआ दिखाई दे रहा है निचले स्तर पर होने वाली दिक. कतें , ग्राहकों के लिए बड़ी मुसीबत साबित होती है और कंज्यूमर ऊपर के अधिकारी तक अपनी बात नहीं ले जा पाता है और नीचे के दलाल, कर्मचारी के चक्कर में फंस जाता है, जिसके चलते केस्को एम डी सैमुअल पॉल ने कई तरह की सुविधाएं कंज्यूमर को देने की रणनीति तैयार कर उसे एक दिसंबर से शुरू करने की व्यवस्था की है.कॉल पर शिकायत दर्ज होगीकेस्को की नई कार्यप्रणाली के तहत अब झटपट पोर्टल, निवेश मित्र, 1912 कॉल सेंटर सहित तकनीकी आधारित सेवाओं लाभ पहुंचना है. जिसके चलते नए फार्मूले के जरिए कर्मचारियों से लेकर अधिकारियों तक के लिए नई जिम्मेदारी तय की गई है अब



ग्राहकों को अपनी संशय महज कॉल पर ही दर्ज करानी होगी फिर चाहे वो बिजली के बिल से जुड़ी हो ,नए कने. क्शन की बात हो या अगर किसी फॉल्ट से संबंधित हो न दलालों के आगे पीछे घूमने की जरूरत नहीं पड़ेगी. बस कॉल पर शिकायत दर्ज होगी और अधिकारियों को निश्चित समय में कंज्यूमर की समस्या का करना होगा. निदान महज 24 घंटों के अंदर अधिकारियों की जिम्मेदारी निस्तारण की होगी.चार विंग हुई तैयारकेस्को एम डी के अनुसार अब केस्को में फंक्शन बेस्ड कार्य प्रणाली पर अब काम करने की रूपरेखा तैयार कर ली गई है. जिसे एक दिसंबर से अमल में लाया जाएगा. जिसके लिए चार विंग तैयार की गई है, टेक्निकल, कमर्शियल, स्टिंग प्रोजेक्ट, प्रा. जेक्ट विंग बनाई गई है. जिसमें शहर के अंदर 28 एक्स ई एन तैनात किए जाएंगे. जो इस प्रणाली के लिए काम करेंगे, जिससे ट्रांसपेरेंसी बनेगी और करप्शन खत्म होने की ज्यादा उम्मीद है. फिलहाल यह देखना होगा कि नई स्कीम और फार्मूले से कानपुर में बिजली उपभोक्ताओं को कितनी राहत मिलती है और अधिकारियों की स्कीम कितना रंग लाती है.

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मण्डलीय उद्योग बन्धु की बैठक संपन्न

**अलीगढ़ (जननायक सम्राट)** अलीगढ़ आयुक्त अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़ चौत्रा वी. की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में शुक्रवार को उद्यमियों की समस्याओं व शिकायतों के निस्तारण एवं नवीन ईकाई स्थापना के संबंध में मंडलीय उद्योग बन्धु की बैठक का आयोजन किया गया। आयुक्त ने कहा कि संपूर्ण तंत्र जनमानस को सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए संचालित है, ऐसे में अधिकारियों का दायित्व एवं जिम्मेदारी है कि समस्याएं बताने के स्थान पर उसका समाधान ढूढ़ें। औद्योगिक क्षेत्र तालानगरी में ईएसआई हॉस्पीटल की शाखा खोले जाने के संबंध में निर्णय लिया गया कि मंडलायुक्त स्तर से शासन को पत्र भेजा जाएगा। औद्योगिक आस्थान हाथरस से संबंधित प्रकरण जो 08 माह से लंबित था, मण्डलायुक्त की विशेष पहल से समस्या का समाधान होने पर लघु उद्योग भारती के संयुक्त सचिव गौरव मित्तल एवं संबंधित उद्यमी ने मंडलायुक्त का आभार प्रकट किया। उद्यमी चंद्रशेखर शर्मा ने कच्चे की माल की सुगम उपलब्धता के लिए रॉ–मैटेरियल बैंक बनाए जाने का सुझाव दिया, जिस पर आयुक्त ने जे0सी0 इंडस्ट्रीज बीरेन्द्र कुमार को निर्देशित किया कि इस संबंध में उद्यमियों से लिखित में सुझाव व प्रस्ताव प्राप्त करें बैठक में बताया गया कि ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट ग्राउण्ड ब्रे. कंग सेरेमनी के लिए 15000 करोड़ के सापेक्ष 15509.43 करोड़ के 459 प्रस्ताव तैयार किए गए जिसके सापेक्ष अलीगढ़ में माह तक 199, एटा में 50, हाथरस में 26 एवं कासगंज में 10 इकाईयां क्रियाशील हो गई हैं। ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में जीबीसी के लिए तैयार इकाईयों की समीक्षा के दौरान अलीगढ़ व एटा की स्थिति संतोषजनक रही वहीं हाथरस व कासगंज की असंतोषजनक प्रगति पर प्रतिक्रिया व्यक्त की गई। आयुक्त ने निर्देश दिए कि जो इकाईयां क्रियाशील हैं उन्हें रेडी फॉर जीबीसी की सूची में शामिल कराएं। निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा के दौरान पाया गया कि मंडल में 792 आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 526 को समयसीमा के अंदर निस्तारित किया गया। 13 को अस्वीकृत करने के उपरांत 186 आवेदन समयसीमा के भीतर लंबित हैं। 02 आवेदन पत्र क्रमशः कासगंज एवं एटा के समयसीमा के उपरांत स्वीकृत किए गए।विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के दौरान पाया गया कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में भौतिक लक्ष्य 347 के सापेक्ष विभिन्न बैंकों को 514 आवेदन



पत्र प्रेषित किए जिसमें बैंकों द्वारा 178 स्वीकृत करने के उपरांत 130 पर ऋण वितरित किया गया। इसी प्रकार से ओडीओपी वित्त पोषण योजना में 217 के सापेक्ष 183 आवेदन पत्रों का प्रेषण किया गया जिसमें विभिन्न बैंकों द्वारा 95 पर स्वीकृति एवं 79 पर ऋण वितरण किया गया। मण्डलायुक्त ने आवेदन पत्रों की स्वीकृति एवं कम ऋण वितरण पर नारा. जगी प्रकट करते हुए बैंकों को स्वरा. `जगार स्थापना के लिए उदारतापूर्वक ऋण वितरण के निर्देश दिए।बैठक में उद्यमी नेकराम शर्मा, लल्लू सिंह, गणेश चौधरी, इंजी0 दिनेश वार्ष्णेय, अश्वनी

# एक ही विद्यालय की तीन छात्राओं ने राष्ट्र स्तर पर अपनी जगह बनाई

श्री उदय सिंह जैन कन्या इंटर कॉलेज की तीन छात्राओं ने 51 वे राष्ट्रीय स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में अपना स्थान बनाकर पूरे जनपद और राज्य को गौरवान्वित किया है। विद्यालय प्रबंध समिति व प्रधानाचार्य डॉ प्रियंका जैन ने तीनों छात्राओं को बहुत ही शुभकामनाएं दी है।



अब ये सभी छात्राएं 16 दिसंबर से 21 दिसंबर को होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय प्रदर्शनी में पंचकूला हरियाणा में प्रतिभाग करेंगी।

## अलीगढ़ में कड़ी निगरानी में हुई जुमे की नमाजरूसंभल में हुई घटना के बाद एलर्ट रही फोर्स, मुस्लिम इलाकों में ड्रोन उड़ाकर की गई निगरानी नमाज के दौरान ऊपरकोट स्थित शाही जामा मस्जिद के बाहर भारी संख्या में फोर्स तैनात रही। संभल में हुई घटना के बाद अलीगढ़ में भी फोर्स लगातार एलर्ट मोड में है

# 71–खैर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक .नामावलियों का हुआ आलेख्य प्रकाशन

अलीगढ़ भारत निर्वाचन आयोग के निद. `शानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर 71–खैर (अ0जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 27 नवंबर को कर दिया गया है। संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत 12 दि. संबर तक आलेख्य प्रकाशन अवधि में दावे और आपत्तियां प्राप्त की जायेंगी। इस प्रयोजन के लिए विशेष अभियान की तिथि 30 नवम्बर शनिवार को मतदान केन्द्रों पर बीएलओ एवं पदाभिहित अधिकारी प्रातः 10 बजे से सांय 04 बजे तक मतदाता सूची के साथ उपस्थित रहेंगे। किसी भी प्रकार की शिकायत व समस्या के समाधान के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय के दूरभाष नंबर 0571–2400582 पर सम्पर्क किया जा सकता है।अपर जिलाधिकारी प्रशासन




एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी पंकज कुमार ने उक्त जानकारी देते हुए सभी क्षेत्रीय निवासियों को सूचित किया है कि 71–खैर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों में नाम दर्ज कराये जाने के लिए फार्म–6, प्रवासी मतदाताओं के लिए फार्म–6ए, निर्वाचक नामावली से नाम अपमार्जन कराये जाने के लिए फार्म–7 और संशोधन कराये जाने एवं एक स्थान दूसरे स्थान पर परिवर्तन किए जाने के लिए फार्म–8 सम्बन्धित साक्ष्यों सहित भरकर बूथ लेविल अधिकारी को 30 नवंबर को सम्बन्धित मतदेय स्थल पर एवं सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने पुनरीक्षण अवधि में किसी भी प्रकार की शिकायत व समस्या के समाधान के लिये उक्त दूरभाष नम्बर पर प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है।

# एएमयू में 30 नवंबर से, खेलेंगी 36 विश्व विद्यालयों की टीमें

गुरुनानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ, कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल, कश्मीर विश्वविद्यालय हजरतबल श्रीनगर, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ, दिल्ली विश्वविद्यालय, पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़, सीआरएस विश्वविद्यालय जींद और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र आदि की टीमें भाग लेंगी।एएमयू में नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी हॉकी प्रतियोगिता 30 नवंबर से शुरू हो रही है। 7 दिसंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में सिंथेटिक और घास के मैदान पर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय अलीगढ़ व राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय अलीगढ़ समेत उत्तर भारत की 36 विश्वविद्यालयों की टीमें खेलेंगी।प्रतियोगिता में गुरुनानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर, स्वामी विवे. कानंद सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ, कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल, कश्मीर विश्वविद्यालय हजरतबल श्रीनगर, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ, दिल्ली विश्वविद्यालय, पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़, सीआरएस विश्वविद्यालय जींद और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र, गुरुकुल कांगड़ी हरिद्वार, क्लस्टर विश्वविद्यालय, जम्मू, हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी शिमला, इलाहाबाद विश्वविद्यालय इलाहाबाद, हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल, श्रीनगर, सोबन सिंह विश्वविद्यालय अल्मोडा, महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड बरेली की टीमें हिस्सा लेंगी।इसके अलावा चंडीगढ़ विश्वविद्यालय मोहाली, एमबीपीएसयू पटियाला, गलगोटिया विश्वविद्यालय गौतमबुद्धनगर, जम्मू विश्वविद्यालय जम्मू, प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया), प्रयागराज, एमएए शाकुंभरी विश्वविद्यालय सहारनपुर, ई विश्वविद्यालय बरेली, इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरापुर, रेवाडी, सीएसजेएम कानपुर, एमडीयू, रोहतक, चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा, पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला, पंजाब कृषि लुधियाना, डॉ. राममनोहर



लोहिया अयोध्या, चौधरी बंसी लाल, भिवानी, जामिया मिलिया इस्लामिया नई दिल्ली, लखनऊ एथलेटिक्स एसोसिएशन (लखनऊ विश्वविद्यालय), लवली प्रोफेशनल, फगवाड़ा की टीमें हिस्सा लेंगी।रहे।यूनिवर्सिटी गेम्स कमेटी के सचिव प्रो. सैयद अमजद अली रिजवी और हॉकी क्लब के अध्यक्ष व आयोजन सचिव प्रो. गुलाम सरवर हाशमी ने पत्रकारों को बताया कि उद्घाटन एएमयू की कुलपति प्रो. नईमा खातून करेंगी। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी हाकी कोच अनीस उर रहमान खान व अरशद महमूद मौजूद

### डीएम ने माह दिसंबर में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह समारोहों की सफलता के लिए नोडल अधिकारी किए नामित

अलीगढ़ जिलाधिकारी विशाख जी0 द्वारा समाज कल्याण विभाग के माध्यम से संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत दिसम्बर माह में विभिन्न तिथियों एवं स्थानों पर आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह समारोह के लिए नोडल अधिकारियों को नामित कर दिया गया है।स्तृत जानकारी के अनुसार 04 दिसम्बर को विनायक फार्म हाउस लोधा में आयोजित होने वाले ब्लॉक लोधा, अकराबाद एवं नगर पंचायत मडराक के 101 जोड़ों के सामूहिक विवाह समारोह के लिए एडीएम वित्त एवं एसडीएम कोल को, 09 दिसम्बर को श्री बालाजी फार्म हाउस इगलास में आयोजित होने वाले ब्लॉक इगलास, गोंडा एवं नगर पंचायत बेसवां के 101 101 जोड़ों के सामूहिक विवाह समारोह के लिए एडीएम प्रशासन एवं एसडीएम इगलास को, 10 दिसम्बर को लक्ष्मी फार्म हाउस अतरौली में आयोजित होने वाले ब्लॉक अतरौली, बि. जौली, गंगीरी एवं नगर पंचायत छर्रा, जवां, हरदुआगंज, कौड़ियागंज, जलाली व पिलखना के 101 जोड़ों के सामूहिक विवाह समारोह के लिए एडीएम न्यायिक एवं एसडीएम अतरौली को एवं अंगूरी फार्म हाउस धनीपुर में आयोजित होने वाले ब्लॉक धनीपुर के 60 जोड़ों के सामूहिक विवाह समारोह के लिए एडीएम सिटी एवं एसडीएम कोल को, 14 दि. सम्बर को पराग डेरी में आयोजित होने वाले नगर निगम क्षेत्र के 40 जोड़ों के विवाह समारोह के लिए एडीएम सिटी एवं अपर नगर आयुक्त एवं खैर में आयोजित होने वाले ब्लॉक खैर, टप्पल चण्डौस एवं नगर पंचायत जट्टारी व चण्डौस के 50 जोड़ों के सामूहिक विवाह समारोह के लिए एडीएम वित्त एवं एसडीएम खैर को सफल आयोजन के लिए नोडल अधिकारी नामित किया गया है। डीएम ने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि निर्धारित तिथियों में सामूहिक विवाह समारोह सफलतापूर्वक आयोजित कराना सु. निश्चित करे।

# अलीगढ़ से हाथरस लाए जा रहे कैदियों की गाड़ी हुई बंद, सुरक्षाकर्मियों ने धक्का मारकर कोर्ट तक पहुंचाया

उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में कैदियों से भरी एक गाड़ी बीच रास्ते में एकाएक बंद हो गई। इस गाड़ी में अलीगढ़ जेल से कैदी सवार होकर हाथरस न्यायालय पेशी को आ रहे थे। अचानक कैदियों से भरी गाड़ी बंद हो जाने से कैदियों की वैन में मौजूद सुरक्षाकर्मियों के हाथ–पैर फूल गए। उन्होंने इसकी जानकारी अन्य स्थानीय पुलिस कर्मियों को दी। सूचना पाकर अतिरिक्त पुलिस फोर्स पहुंची।कैदियों से भरी गाड़ी को जैसे तैसे पुलिस फोर्स ने धक्का मारकर गाड़ी को स्टार्ट किया और उसे न्यायालय के गेट तक पहुंचाया। हाथरस को जिला बने 27 साल हो चुके हैं, लेकिन अभी तक यहां जेल नहीं बनी है। ऐसे में कड़ी सुरक्षा के बीच रोजाना कैदियों को अलीगढ़ जेल से हाथरस न्यायालय में लाया जाता है। करीब 100 किलोमीटर का सफर तय करके रोजाना अलीगढ़ जेल से कैदीध्बंदी हाथरस आते है।आज कैदियों से भरी गाड़ी जब अलीगढ़ जेल से हाथरस न्यायालय की ओर आ रही थी तो बीच रास्ते में यह गाड़ी खराब हो गई। इसमें कैदीध्बंदी सवार थे। किसी भी तरह की कोई घटना न हो जाए, यह सोचकर सुरक्षाकर्मी चिंतित हो गए। आनन–फानन में कैदियों से भरी गाड़ी पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने इसकी जानकारी अपने अधिकारियों को दी।वहां पर अतिरिक्त पुलिस फोर्स भेजी गई। चालक ने काफी कोशिश की, लेकिन जब गाड़ी स्टार्ट नहीं हुई तो पुलिसक. र्मियों ने इस गाड़ी में धक्का लगाया। सुरक्षा की दृष्टि से कैदियों को बाहर नहीं उतरा गया। काफी देर बाद गाड़ी स्टार्ट हुई और जैसे–तैसे इसे न्यायालय के गेट तक पहुंचाया गया। कुछ पुलिस कर्मियों का कहना था कि यह गाड़ी कुछ दिन पहले ही आई है। आखिर यह एकाएक बंद कैसे हो गई, यह भी अचरज की बात है।

# अपनों ने ठुकराया तो वृद्धाश्रम को घर बनाया

यहां हर मुस्कुराते चेहरे के पीछे एक दर्दनाक कहानी छिपी है। अपनों के ठुकराए वृद्धों ने अब वृद्धाश्रम को ही अपना घर बना लिया है। सीने में परि. जनों से बिछड़ने के टीस दबाए सब अपनी आखिरी यात्रा का इंतजार कर रहे हैं।ढाई साल पहले भाई रेलवे स्टेशन पर छोड़ गया। समझ नहीं आ रहा था कहां जाऊं। इधर–उधर भटक रही थी तो पुलिस वाले वृद्धाश्रम छोड़ गए। तब से आज तक किसी ने सुध नहीं ली। यह बताते हुए कमालपुर निवासी 58 वर्षीय नजमा सिद्दीकी का गला रुंध गया और वह रोने लगीं।कुछ ऐसी ही अनकही कहानियां हैं शहर के वृद्धाश्रमों में रह रहे वृद्धजनों की... किसी को घर वालों ने निकाल दिया है तो किसी का अब इस दुनिया में कोई नहीं है।

पड़ोसियों–रिश्तेदारों ने ठुकरा दिया। जब शरीर ने साथ छोड़ दिया और बीमारियों ने जकड़ लिया तो वृद्धाश्रम उनके बुढ़ापे का सहारा बन गया।दाऊजी सेवाधाम वृद्धाश्रम में रह रहे अलीगढ़ निवासी 68 वर्षीय भूषण बन्ना की कहानी भी कुछ ऐसी है। भूषण बन्ना मानसिक रूप से थोड़ा अस्वस्थ हैं। वे कोई काम नहीं करते थे। पत्नी टीचर है। पत्नी ने यह कहते हुए घर से निकाल दिया कि कोई काम नहीं करते हो। ऊपर से बैठकर हमारी कमाई खाते हो। यहां रहोगे तो बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। तब से आज तक वह वृद्धाश्रम में ही रह रहे हैं। दो महीने हो गए आज तक कोई मिलने नहीं आया। 70 वर्षीय शांति देवी ने शादी नहीं की। वह बताती हैं कि पहले मैं पूर्व विधायक विवेक बंसल के यहां काम करती थी। अब पैर काम नहीं करते। बीमारी की वजह से काम छोड़ दिया था। रिश्तेदारो ने भी मुंह मोड लिया तो वृद्धाश्रम आ गई। एक भतीजी है जो नोएडा में जॉब करती है। साल में कभी उसका दिल होता है तो मिलने आ जाती है। उससे मिलकर पुरानी यादें ताजा हो जाती है विनोद शर्मा आर्मी से सेवानिवृत्त हैं। बुढ़ापे में नोकझोंक होने पर घर छोड़ा तो बरौला बाईपास स्थित श्री सियाराम वृद्धाश्रम में रहने लगे। वृद्धाश्रम संचालक ने बताया कि नौ महीने से यहां रह रहे थे। जब पेंशन मिलने लगा तो कुछ दिनों पहले बेटा लेने आया और घर बुलाकर ले गया। यहां हर मुस्कुराते चेहरे के पीछे एक दर्दनाक कहानी छिपी है। अपनों के ठुकराए वृद्धों ने अब वृद्धाश्रम को ही अपना घर बना लिया है। सब साथ मिलकर रहते हैं। मनोरंजन के लिए टीवी है, जहां सब बैठकर टाइम पास करते हैं। शाम में सभी मिलकर कीर्तन करते हैं। सीने में परिजनों से बिछड़ने के टीस दबाए सब अपनी आखिरी यात्रा का इंतजार कर रहे हैं।कुछ महिलाएं रेलवे ट्रैक पर मिलीं तो कुछ को पुलिस वाले छोड़कर चले गए। अभी 23 महिलाएं और 2 पुरुष समेत 25 वृद्धजन यहां रह रहे हैं। उनका रेगुलर जांच कराया जाता है। नाश्ता–खाना का विशेष ध्यान रखा जाता है। – मोनू शर्मा, प्रभारी, दाऊजी सेवाधाम वृद्धाश्रम हमारे यहां 11 महिला और 9 पुरुष समेत 20 वृद्धजन हैं। सबके रहने और खाने–पीने की समुचित व्यवस्था है। अगर पुलिस कोशिश करे तो इनमें से कई लोग अपने परिजनों से मिल सकते हैं। – सत्यदेव शर्मा, प्रभारी, श्री सियाराम वृद्धाश्रम

# दुबई में भारतीयों की 500 अघोषित प्रॉपर्टी का खुलासा

# दिल्ली में पकड़ी गई 700 करोड़ की टैक्स चोरी

इनकम टैक्स विभाग ने ऐसे 500 मामलों की पहचान की जिसमें भारतीयों ने दुबई) में अचल संपत्ति खरीदा है लेकिन उसे घोषित नहीं किया है. टैक्स विभाग इन मामलों में बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में है. दिल्ली में टैक्स विभाग ने जो रेड किया है उसी में 700 करोड़ रुपये से अधिक के ऐसे ट्रांजैक्शन का पता लगा है जिसका कोई हिसाब नहीं है. हजारों करोड़ की टैक्स चोरी संभव! इकोनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के मुता. बिक इनकम टैक्स विभाग के दिल्ली स्थित इंवेस्टिगेशन विंग ने एक दर्जन से ज्यादा सर्वे और सर्च ऑपरेशन किए हैं जिसमें दुबई में 43 अघोषित प्रॉपर्टीज के सबूत मिले हैं. केवल दिल्ली में 700 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी के मामले का पता लगा है. रिपोर्ट में एक अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि अगर ये जांच पूरी देश में फैली तो टैक्स चोरी का ये मामला हजारों करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है. रिपोर्ट के मुताबिक इकम टैक्स विभाग ने दुबई में भारतीयों की ओर से खरीदी गई अघोषित अचल संपत्तियों से जुड़े 500 से अधिक मामलों का पता लगाया जिसमें विभाग कार्रवाई करने की तैयारी में है. जर्मनी ने किया डेटा साझा हाल ही में जर्मनी ने पश्चिम एशिया में भारतीयों की संपत्तियों का डेटा भारत के साथ साझा किया है. ये डेटा दोनों देशों के बीच डबल टैक्सेशन अवॉईडेंस एग्रीमेंट के तहत सूचनाओं के आदान–प्रदान करने के ढांचे के तहत




किया गया था. इसमें 1000 से अधिक भारतीय नागरिकों के मालिकाना हक वाले प्रॉपर्टी का पता लगा है. हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि जर्मन अधिकारियों को ये जानक. ारी कैसे मिली. ब्लैक–मनी एक्ट के तहत कार्रवाई संभवइनकम टैक्स विभाग के दिल्ली में छापेमारी के दौरान टैक्सपेयर्स ने 125 करोड़ रुपये से अधिक अघोषित कैश के निवेश करने की बात को स्व. ीकार किया है. इनकम टैक्स विभाग को बोगस रसीदें और कैश पेमेंट और खरीद के रिकॉर्ड मिले हैं जिसकी जांच की जा रही है. विभाग विदेशों में बेहिसाब कैश डिपॉजिट करने के तरीकों, अघोषित जमा कैश और इसमें काले धन होने की संभावना का पता लगा रहा है. टैक्स विभाग इनकम टैक्स एक्ट या ब्लैक मनी एक्ट के तहत मामले में कार्रवाई करने पर भी विचार कर रहा है.

## 48 लाख शादियों के चलते दौड़ेंगे इन 5 कंपनियों के स्टॉक्स

देश में इन दिनों शादियों का सीजन चल रहा है और नवंबर – दिसंबर के दौरान देशभर में कुल 48 लाख शादियों के होने का अनुमान है जिसके चलते 6 लाख करोड़ रुपये का कारोबार देखने को मिलेगा. ऐसे में सवाल उठता है कि वो कौन कंपनियां हैं जिन्हें शादियों के इस सीजन से लाभ होगा. मोतीलाल आ. `सवाल वेल्थ मैनेजमेंट ने निवेशकों को ऐसे पांच स्टॉक्स के नाम सुझाए हैं जिनमें निवेशकों को निवेश करना चाहिए क्योंकि इस शादियों के सीजन का बड़ा फायदा इन कंपनियों को हो सकता है. मोतीलाल ओसवाल वेल्थ मैनेजमेंट (डवजपसंस ूॅम ंसजी डंदंहमउमदज) के मुताबिक इस वर्ष नवंबर–दिसंबर में करीब 48 लाख शादियां हो रही है. शादियों की भारी भरकम संख्या के चलते 6 लाख करोड़ रुपये का बिजनेस हो सकता है. जबकि पिछले वर्ष केवल 38 लाख शादियां हुई थी और 4.7 लाख करोड़ रुपये का बिजनेस हुआ था. केवल दिल्ली शहर में नवंबर–दिसंबर में 4.5 लाख शादियां होने का अनुमान है. अपने नोट में मोतीलाल ओसवाल वेल्थ मैनेजमेंट ने कहा, बड़ी संख्या में हो रही शादियों के चलते ज्वेलरी, रिटेल, होटल्स और ऑटो सेक्टर्स फायदे में रहेंगे. ऐसे में मोतीलाल ओसवाल वेल्थ ने ऐसे पांच कंपनियों का चुनाव किया है जो छोटी से मध्यम अवधि यानि 3–6 महीने में बेहतर प्रदर्शन दिखाएंगी. मोतीलाल आ. `सवाल वेल्थ ने 10 से 15 फीसदी के उछाल के लिए इन स्टॉक्स में निवेश की सलाह दी है और सभी 5 शेयरों को 20 फीसदी का समान वेटेज दिया है. टाइटन इसमें पहला नाम टाटा समूह (ज्ंज ळतवनच) की कंपनी टाइटन (ज्पजंद) का है. मोतीलाल ओसवाल वेल्थ के मुताबिक सोने पर कस्टम ड्यूटी में कटौती के बाद वेडिंग ज्वेलरी डिमांड में तेजी आने लगी और अगले दो महीने तक डिमांड में तेजी बनी रह सकती है. टाइटन अपने बेहतर कॉम्पिटिटिव पा. `जीशनिंग के चलते दूसरे ब्रांडेड प्लेयर्स के मुकाबले लगातार बेहतर प्रदर्शन करता रहा है. टाइटन का शेयर फिलहाल 3248 रुपये पर कारोबार कर रहा है. आईशर मोटर्स ऑटो कंपनी आ. ईशर मोटर्स (म्पबीमत डवजवते) की रॉयल इनफील्ड (त्वलंस म्दपिमसक) की डिमांड नई लॉन्चिंग के चलते त्योहारी सीजन के पहले के मुकाबले बेहतर नजर आ रही है.सभी मॉडल्स की उपलब्धता



बढ़ी है साथ ही प्रमोशनल एक्टिविटी के बढ़ने से कंज्यूमर्स की रूचि बढ़ी है. आ. ईशर मोटर्स का शेयर 4848 रुपये पर फिलहाल कारोबार कर रहा है. वेदांत फैशंस नवंबर 2024 से शुरू हुई शादियों की सीजन की तारीख लंबे समय तक रहेगी इससे वेदांत फैशंस (टमकंदज थ्ैं. पवदे) को जोरदार फायदा होगा. मान्यवर (डंदलंअंत) के विस्तार के साथ कंपनी के सामने ग्रोथ हासिल करने का बड़ा अवसर है. नए कैटगरी की लॉन्चिंग से एडिशनल ग्रोथ होगा. वेदांत फैशंस का शेयर 1431 रुपये पर फिलहाल है. सफारी शादियों के सीजन का सफारी ै(. तिप) को भी फायदा होगा और रेवेन्यू में बढ़ोतरी की उम्मीद है. इससे पहले तिमाही में हीटवेव के चलते डिमांड पर असर पड़ा था. जयपुर में ग्रीनफील्ड प्लांट से वित्त वर्ष 2024–25 की तीसरी तिमाही में रेवेन्यू को एडिशनल बूस्ट मिलेगा. सफारी का शेयर 29 नवंबर के सेशन में 2535 रुपये पर ट्रेड कर रहा है. लेमन ट्री होटल्स मोतीलाल आ. `सवाल वेल्थ के मुताबिक शादियों के सीजन का लेमन ट्री होटल्स (स्मउवद ज्तमम भ्वजमसे) को भी फायदा होगा और वेडिंग सीजन, डिमांड–सप्लाई डायनामिक्स के चलते दूसरी तिमाही में मजबूत ग्रोथ बनी रहेगी. नोट के मुता. बिक रिनोवेशन में निवेश का कंपनी को फायदा होगा. लेमन ट्री होटल्स का स्टॉक फिलहाल 130 रुपये पर है.

## अमेरिका में कच्चे तेल पर हलचल मची, भारत में क्यों तेल सस्ता होने की आस जगी



अमेरिका में थैंक्सगिविंग डे मनाया जा रहा है और इसके पहले वहां आज सुबह से कच्चे तेल के दामों को लेकर ऐसा रुख देखा गया कि वहां हलचल देखी जा रही है. अमेरिका में आज सुबह कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट देखी गई है और इसके बाद कच्चे तेल की कीमतों को लेकर एकदम से अनुमान बदलता देखा जा रहा है. अमेरिका में आगे भी कच्चे तेल के दामों को लेकर चिंता क्यों है, ये आप यहां जान सकते हैं.थैंक्सगि. विंग पर अमेरिका में कच्चे तेल का भंडार कम होने का था अंदाजाग्लोबल बाजार के जानकारों ने ये अंदाजा दिया था कि थैंक्सगिविंग के मौके पर अमेरिका में कच्चे तेल का भंडार कम होगा क्योंकि सीजनल और त्योहारी मांग ज्यादा देखी जाएगी. हालांकि ऐसा नहीं हुआ और अमेरिका में फिलहाल मांग कम हुई है. इसी के असर से यूएसए में कच्चा तेल सस्ता हुआ है और ये परेशानी का सबब हो सकता है. दरअसल अमेरिका और चीन जैसे तेल की खपत वाले देशों मे मांग कम हुई है और ओपेक्देशों की तरफ से जनवरी में ईंधन की संभावित कटौती पर विचार होने की खबर अहम है. इस समय किस स्तर पर हैं तेल के दाम ग्लोबल बाजार में कच्चे तेल के दाम में इस समय मिलाजुला रुख देखा जा रहा है. फिलहाल ब्रेंट क्रूड 73.24 डॉलर प्रति बैरल के रेट पर मिल रहा है, हालांकि वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट यानी ॅज् क्रूड के दाम 70 डॉलर प्रति बैरल से नीचे ही हैं. डब्ल्यूटीआई क्रूड 69.11 डॉलर प्रति बैरल के रेट पर मिल रहा है. भारत में कच्चे तेल के दामों का कैसा असर अमेरिकी बाजारों में कच्चे तेल के भाव भले ही नीचे आ रहे हैं, भारत में कच्चे तेल के दामों में गिरावट का अच्छा असर देखने को मिल सकता है.जब भी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के रेट नीचे आने पर भारत में वाहन ईंधन (पेट्रोल–डीजल) के रेट सस्ते होने की आस जाग ही जाती है. हालांकि पेट्रोलियम मंत्रालय की ओर से इसे लेकर फिलहाल कुछ नहीं कहा जा रहा है. भारत में पेट्रोल और डीजल के दाम देखें तो ये लंबे समय से यथावत बने हुए हैं.दिल्ली में क्या हैं पेट्रोल और डीजल के दामदिल्ली में पेट्रोल का ताजा रेट 94.77 रुपये प्रति लीटर पर ही बना हुआ है और ये लंबे समय से यथावत बने हुए हैं. दिल्ली में डीजल का रेट 87. 57 रुपये प्रति लीटर पर ही बना हुआ है और इसमें भी कोई बदलाव लंबे समय से नहीं हुआ है.

## चांदी की चमक करेगी हैरान–शादियों के सीजन में हुई खूब महंगी, सोना भी बेतहाशा चढ़ा





देश में शादियों का सीजन चल रहा है और इस समय के दौरान सोने–चांदी की जमकर खरीदारी होती है. चांदी के भाव में फिलहाल उछाल देखा जा रहा है और बुधवार को सर्राफा बाजार में सुबह–सुबह ही 1200 रुपये की उछाल के बाद आज फिर तेजी के साथ ये चमकीली मेटल चमक बिखेर रही है. अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बढ़ोतरी के दम पर घरेलू बाजार में सोना–चांदी के रेट में तेजी का रुख जारी है.अंतर्राष्ट्रीय बाजार में चांदी के दाम उछाल परएमसीएक्स पर चांदी की कीमत इस समय 91329 रुपये प्रति किलो पर बिक रही है और ये अपने उच्च स्तर की तरफ फिर बढ़ने लगी है. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर चांदी का मार्च वायदा 1200 रुपये (1194 रुपये) उछलकर 1.32 फीसदी की बढ़ोतरी दिखा रहा है. सुबह चांदी में कारोबार की शुरुआत ही 1000 रुपये से ज्यादा के उछाल के साथ हुई थी. अंतर्राष्ट्रीय बाजार में चांदी के दाम उछाल पर हैं और इसके चलते घरेलू बाजार में भी चांदी मजबूती हासिल कर रही है चाहे वह सर्राफा बाजार हो या कमोडिटी बाजार. सोने के रेट में भी दिखी बढ़ोतरीसोने के दाम में उछाल का सिलसिला जारी है और ये 77 हजार के पार निकल गया है. सोने में एमसीएक्स पर फरवरी वायदा 77130 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बिक रहा है. एक बार फिर सोना अपने ऑलटाइम हाई की तरफ बढ़ता दिख रहा है और इस सुनहरी मेटल के रेट में इजाफा देखा जा रहा है. अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोने–चांदी का दाम कॉमैक्स पर गोल्ड का फरवरी कॉन्ट्रेक्ट आज 2687.66 डॉलर प्रति औंस के रेट पर बना हुआ है और इसके दाम में 26.16 डॉलर या 0.98 फीसदी की उछाल देखी जा रही है. चांदी में कॉमैक्स पर भी शानदार उछाल देखा जा रहा है और ये 1.62 फीसदी का उछाल देखा जा रहा है और ये 31.185 डॉलर प्रति औंस पर देखी जा रही है. सोने–चांदी के जानकार का क्या है कहनाकामा ज्वैलरी के एमडी कॉलिन शाह का कहना है कि सोने–चांदी के दाम में बढ़ोतरी का ही रुख बना रहेगा क्योंकि ये कीमती मेटल अंतर्राष्ट्रीय बा. जारों में लगातार तेजी हासिल कर रही हैं. सोने की बात की जाए तो ये अपने ऑलटाइम हाई से 5 फीसदी नीचे 78,000 रुपये के रेट पर ट्रेड कर रहा है. सोने को सेफ ऐसेट मानकर इसमें खरीदारी का सिलसिला जारी रहेगा क्योंकि मिडिल ईस्ट में मौजूदा जियो–पॉलिटिकल टेंशन और रूस–यूक्रेन के युद्ध के फरवरी तक खिंचने के बाद 3 साल तक जाने के आसार के चलते सोना अपनी चमक बिखेरता रहेगा.

## दिसंबर में टैक्स फाइ. लिंग, आधार, क्रेडिट कार्ड जैसे कई कामों की लास्ट डेट

दिसंबर का महीना आने वाला है और साल का आखिरी महीना होने के साथ–साथ ये कई आर्थिक और वित्तीय कामों के लिहाज से भी अहम है. इसमें सबसे अहम रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की होने वाली बैठक है. इसके बाद आधार को फ्री में अपडेट करने के साथ एडवांस टैक्स का पेमेंट करने की लास्ट डेट के साथ देरी से टैक्स रिटर्न फाइल करने वालों के लिए आखिरी तारीख भी महत्वपूर्ण है. वहीं कुछ बैंकों के क्रेडिट कार्ड के चार्ज में बदलाव भी देखने को मिल रहे हैं सभी की निगाहें रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की 6 दिसंबर को आने वाली मौद्रिक नीति पर टिकी हैं. इस बार आरबीआई क्या दरों में कटा. ैती करने वाला है या इसे 6.5 फीसदी पर बरकरार रखेगा. आरबीआई अपने एमपीसी रिव्यू में लगातार 10वीं बार दरों को नहीं बदलेगा तो वित्तीय मोर्चे पर ज्यादा बदलाव नहीं देखने को मिलेंगे. वैसे तो आरबीआई ने पॉलिसी में अपना रुख न्यूट्रल से बदलकर विड्रॉल ऑफ अकोमडेशन का कर लिया है जो मई 2022 से यथावत बना हुआ था. अर्थशास्त्रियों का मानना है कि अगर महंगाई दरें नियंत्रण में रहती हैं तो नी. तिगत दरों में कटौती का फैसला आरबीआई अपना सकता है.अगर आरबीआई 6 दिसंबर को अपना रुख नहीं बदलता है और दरें नहीं बदलती हैं तो आपके होम लोन की ब्याज दरें और ईएमआई में कोई सुधार नहीं होगा. इसके बाद लोन लेने वालों को अपनी फाइनेंशियल प्लानिंग में स्थिरता देखने को मिलेगी.

आधार में फ्री अपडेट कराने की लास्ट डेट 14 दिसंबरयूनीक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (न्प्क्।प्) ने फ्री में आधार अपडेट करने की आखिरी तारीख 14 दिसंबर तय की है. इसके तहत आप अपने आधार में नाम, पता और डेट ऑफ बर्थ में कोई बदलाव बिना किसी चार्ज के करवा सकते हैं बशर्ते ये ऑनलाइन करवाना हो. यूआईडीएआई ने आधार को 10 साल में अपडेट करवाने के लिए सिफारिश की है जिससे आपके आधार में जानकारी अपटूडेट रह सकेगी. 14 दि. संबर के बाद अगर आप ये अपडेट करवाते हैं तो आपको 50 रुपये की फीस प्रति रिक्वेस्ट के लिए चुकाने होंगे. एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड के असोसिएट चार्ज रिवाइज्ड होने की लास्ट डेट 20 दिसंबर है और इसके तहत कस्टमर्स को नई रिडीम्पशन फीस, क्रेडिट कार्ड के इंटरेस्ट रेट और कई अन्य ट्रांजेक्शन पर बदले हुए शुल्क लगेंगे. एक्सिस बैंक ने म्क्ळम् रिवॉर्ड्स और माइल्स इस्तेमाल करने वाले कस्टमर्स के लिए फीस बदली है और ये हर एक कैश रिडीम्पशन पर 199 रुपये प्लस जीएसटी लगेगा. वहीं अगर पॉइंट्स को माइलेज प्रोग्राम में बदलने पर भी 199 रुपये प्लस जीएसटी लगेगा.यह चार्ज चुनिंदा एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड पर लागू होगा, जिसमें एटलस, सैमसंग एक्सिस बैंक इनफिनिट, सैमसंग एक्सिस बैंक, मैग्नस (बरगंडी वेरिएंट सहित) और रिजर्व क्रेडिट कार्ड शामिल हैं. सिटी–प्रोटेक्ट कार्ड जैसे कि एक्सिस बैंक ओलंपस और होराइजन पर इसका कोई असर नहीं होगा.

**आवश्यकता है**

हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें –

अमित कुमार वर्मा -संम्पादक

मौः-8218049162,8273402499

**जननायक सम्राट**

**हिन्दी साप्ताहिक**

मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित

सम्पादक-अमित कुमार वर्मा

सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा